रजिस्ट्री सं० डी-(डी)—73

REGISTERED No. D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 22] नई दिल्ली, शनिवार, मई 29, 1976 (ज्येष्ठ 8, 1898)

No. 22] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 29, 1976 (JYAISTHA 8, 1898)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस

NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 21 अप्रैल 1976 तक प्रकाशित किए गए हैं:—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 21st April 1976 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
76.	सं० 29-आई० टी० सी० (पी० एन०)/76, दिनांक 14 अप्रैल, 1976 No. 29-ITC(PN)/76, dated the 14th April, 1976	वाणिज्य मंत्रालय Ministry of Commerce	अप्रैल, 1976—मार्च, 1977 वर्ष के लिए आयात नीति। Import Policy for the year April 1976—March 1977.
77.	सं० 30-आई० टी० सी० (पी० एन०)/76, दिनांक 14 अप्रैल, 1976 No. 30-ITC(PN)/76, dated the 14th April, 1976	तदैव Do.	आयात व्यापार नियंत्रण नियम तथा क्रियाविधि पुस्तिका, 1976-77। Import Trade Control Hand Book of Rules and Procedures, 1976-77.
78.	सं० 12-ई० टी० सी० (पी० एन०)/76, दिनांक 15 अप्रैल, 1976 No. 12-ETC(PN)/76, dated the 15th April 1976	तदैव Do.	कोटा वर्ष 1 अक्तूबर, 1975 से 30 सितम्बर, 1976 तक के दौरान खुले सामान्य लाइसेंस 3 के अन्तर्गत तैयार कोषकों तथा वस्तुओं और "भारतीय मदों" सहित भारतीय सूती हथकर्घा वस्त्रों के संयुक्त राज्य अमरीका को निर्यात के लिए योजना। Scheme for exports under O.G.L. 3 of Indian Cotton handloom textiles including ready-made garments and made-ups and 'India Items' for export to the U.S.A. during the Quota year 1st October 1975 to 30th September 1976.

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
79.	सं० 25(30)/75-सी० एण्ड एस०, दिनांक 17 अप्रैल 1976	उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय	कयर उद्योग की समस्याओं का अध्ययन करने के लिए उच्च-स्तरीय अध्ययन दल का गठन करना।
	No.25(30)/75-C&S, dated the 17th April 1976	Ministry of Industry & Civil Supplies	Setting up of a High-Level Study Team to study the problems of Coir Industry.
80.	सं० 13-ई० टी० सी० (पी० एन०)/76, दिनांक 17 अप्रैल, 1976	वाणिज्य मंत्रालय	विभिन्न प्रकारों, वर्गों एवं गुणों के अभ्रक की एफ० ए० एस०/एफ० ओ० बी० कीमतों एवं उनके निर्यात को सम्बन्ध में लागू होने वाली अन्य शर्तों को प्रदर्शित करने वाली कीमत अनुसूचियां।
	No 13-ETC(PN)/76, dated the 17th April 1976	Ministry of Commerce	Price Schedules showing F.A.S./ F.O.B. prices of different varieties, grades and qualities of Mica and other conditions applicable to their export.
81.	सं० 31-आई० टी० सी० (पी० एन०)/76, दिनांक 21 अप्रैल, 1976	तदैव	अप्रैल, 1976–मार्च, 1977 अवधि के लिए पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति (शुद्धि पत्र सं० 1)।
	No. 31-ITC(PN)/76, dated the 21st April 1976	Do.	Import Policy for Registered Exporters for the period April 1976—March 1977 (Errata No. 1)
	सं० 32-आई० टी० सी० (पी० एन०)/76, दिनांक 21 अप्रैल, 1976	तदैव	आयात व्यापार नियंत्रण नियम तथा क्रियाविधि पुस्तक 1976-77 (शुद्धि पत्र संख्या 1)।
	No. 32-ITC(PN)/76, dated the 21st April 1976	Do.	Import Trade Control Hand Book of Rules and Procedure, 1976—77 (Errata No. 1).

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां, प्रकाशन नियन्त्रक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग पत्र नियन्त्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . . 417

भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 811

भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . —

भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . 697

भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . . —

भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें . . —

भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . . 1403

भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . . 1787

भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश 165

भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं 4481

भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस 469

भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं 33

भाग III—खंड 4—विविध निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . . . 1481

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस 83

CONTENTS

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 417

PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court 811

PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence .. .. —

PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence 697

PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations .. .. —

PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills .. .. .. —

PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) .. 1403

PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) .. 1787

PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence .. 165

PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India .. 4481

PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta .. 469

PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners 33

PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies 1481

PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies 83

भाग I—खंड 1
PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1976

सं० 40-प्रेज/76—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को वीरता के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री धर्म पाल, सुपुत्र श्री मंगल सेन,
मकान नं० 1378, गली नं० 3,
त्रि नगर, दिल्ली-33।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—26 जनवरी, 1973)

26 जनवरी, 1973 को श्री धर्म पाल अपने एक रिश्तेदार, श्री मुंशी राम के साथ गणतंत्र दिवस परेड देख कर त्रि नगर वापस जा रहे थे। वे एक बस पर सवार हुए जो ठसाठस भरी हुई थी। श्री मुंशी राम पहले बस में चढ़े, जब श्री धर्मपाल बस में चढ़ रहे थे तो श्री मुन्शी राम ने महसूस किया कि कोई व्यक्ति उनके गले से सोने की जंजीर खींच रहा है। श्री धर्म पाल बीच में आए और उन्होंने अपराधी को पकड़ लिया। अपराधी के साथ दो और व्यक्ति भी थे, जिन्होंने श्री धर्मपाल पर हमला कर दिया। कोई भी बस यात्री इनकी सहायता के लिए आगे नहीं बढ़ा। गुत्थम-गुत्था में अपराधी ने एक छुरा निकाला और श्री धर्मपाल का दाहिना हाथ काट दिया, जिससे वह अपराधी को पकड़े हुए थे। इसके बाद अपराधी भाग खड़े हुए। यद्यपि श्री धर्म पाल का दाहिना हाथ कट चुका था और उससे भारी खून बह रहा था, तो भी उन्होंने अपराधियों का पीछा किया लेकिन वे सभी शीघ्र ही साथ की गलियों में जा छुपे। बाद में तीनों अपराधी पकड़े गए और उन्हें सजा मिली।

इस प्रकार श्री धर्मपाल ने अद्वितीय साहस और दृढ़ता का परिचय दिया।

2. 7997519 पायनियर घम राम,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 दिसम्बर, 1973)

पहली दिसम्बर, 1973 को पायनियर घम राम को नकदी ले जाने वाली एक गाड़ी के अनुरक्षण दल के सदस्य के रूप में तैनात किया गया था। जब गाड़ी लुंगलेह खजाने से सीमा सड़क कृत्तिक दल के मुख्यालय की ओर जा रही थी तो रास्ते में घात लगाए बैठे विरोधियों ने उस पर हमला कर दिया। इस मुठभेड़ में दल का अफसर-इन-चार्ज और एक राइफलमैन मारा गया और कुछ अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। अपने जीवन को खतरे में देखते हुए भी पायनियर घम राम ने तत्काल विरोधियों का सामना किया। इनकी इस कार्रवाई से दल के अन्य सदस्यों का हौसला बढ़ा और उन्होंने भी तुरन्त विरोधियों पर जवाबी गोलाबारी शुरू कर दी। पायनियर घम राम की इस तत्कालिक और साहसिक कार्रवाई से अनुरक्षण दल ने नकदी को विरोधियों के हाथों में जाने से बचा लिया।

इस कार्रवाई में पायनियर घम राम ने अदम्य साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि की सूझ-बूझ का परिचय दिया।

3. मेजर अम्बरीश बैनर्जी (आई० सी-28340),
महार।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—2 अप्रैल, 1974)

1-2 अप्रैल, 1974 की रात्रि को, मेजर अम्बरीश बैनर्जी को विरोधियों के छुपाव स्थान पर छापा मारने का आदेश मिला। उस स्थान तक पहुंचने का मार्ग बहुत कठिन था। इन्हें घोर अंधेरे में ढालू चट्टान और फिसलन मार्ग से होकर जाना था। इनकी टुकड़ी बड़ी चतुराई से चुपचाप उस छुपाव-स्थान तक पहुंची लेकिन जैसे ही वे उस स्थान के निकट पहुंचे, छिपे विरोधियों को कुछ शक हुआ और एक विरोधी को गोली चलाने के लिए बन्दूक उठाते हुए भी देखा गया। इससे पहले कि वह गोली चला पाता, मेजर बैनर्जी उसके ऊपर जा कूदे और उसे निहत्था कर दिया। इस मुठभेड़ में विरोधियों के एक स्वकथित सार्जेंट और एक अफसर पकड़े गये।

एक और अवसर पर जब विरोधियों के कैम्प पर छापा मारा जा रहा था, तो घात लगाए बैठे विरोधियों ने मेजर बैनर्जी और इनकी टुकड़ी पर भारी गोली-बारी कर दी। गोली-बारी और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए मेजर बैनर्जी अपने स्थान से कद कर बड़ी तेजी से विरोधियों पर टूट पड़े और अपने साथियों की जान बचा ली। बाद की दो अलग-अलग घटनाओं के दौरान इन्होंने गांव में छिपे हुए एक कुख्यात विरोधी नेता और विरोधी संगठन के अनेक सदस्यों को पकड़ा।

इस प्रकार मेजर अम्बरीश बैनर्जी ने अदम्य साहस, पहल-शक्ति और उच्च कोटि के नेतृत्व का परिचय दिया।

4. जी/26075 ओ० ई० एम० बीर सिंह, (मरणोपरांत)
(जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—27 मई, 1974)

जी/26075 एक्सकवेटिंग मशीनरी आपरेटर, बीर सिंह को चौकीबाल-तंगधार सड़क पर एक चट्टान को काटने का काम सौंपा

गया था। 27 मई, 1974 को जब वे डोज़र चला रहे थे तो अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा। इस चिन्ताजनक स्थिति में भी उन्होंने डोजर की न्यूट्रल गियर पर लाने की जी तोड़ कोशिश की और अन्त में उसे घाटी में गिरने से बचा लिया। दिल का दौरा इतना तीव्र था कि वे अपनी सीट से बाहर भी नहीं आ सके और डोज़र पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

इस प्रकार ओ० ई० एम० बीर सिंह ने बृहत्ता और उच्च कोटि की कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

5. 1447602 सैपर भोला प्रसाद सिंह, (मरणोपरांत)
इंजीनियर्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—22 सितम्बर, 1974)

सितम्बर 1974 में समस्तीपुर जिले में सिंचाई के लिए बनाए गए बांधों में बाढ़ के पानी के कारण दरारें पड़ गई थीं। एक इंजीनियर रेजिमेंट को तत्काल एक कृत्तिक दल समस्तीपुर भेजने का आदेश दिया गया। 22 सितम्बर, 1974 को प्रातः अग्रिम दल समस्तीपुर से 6 नावों के साथ बारिसनगर जाने के लिए बूढ़ी गंडक नदी के किनारे-किनारे चल पड़ा। सैपर भोला प्रसाद सिंह सबसे अगली नाव के कप्तान थे। उन्होंने अपने आगे एक क्षतिग्रस्त खम्बे से बिजली की एक लटकती हुई तार देखी जिसमें विद्युत-प्रवाह मौजूद था और उस तार का कुछ भाग पानी के अन्दर डूबा हुआ था। तेज़ धारा के कारण इतनी थोड़ी सी जगह में पूरी तरह भरी हुई नाव को मोड़ना सम्भव नहीं था, क्योंकि ऐसा करने से नाव के उलटने का खतरा था। इस खतरे को देखते हुए उन्होंने अपने पीछे आती हुई नावों में बैठे लोगों को आवाज लगाई और उन्हें खतरे से सचेत किया। इन नावों में कई जिलाधिकारी थे। ये नावें काफी पीछे होने के कारण सुरक्षित मुड़ गईं। सैपर भोला प्रसाद सिंह की नाव बिजली की तार से कुछ ही गज़ दूर थी। वे जानते थे कि उनकी नाव शीघ्र ही बिजली की तार से जा टकरायेगी और उसके कर्मीदल के सारे सदस्य बिजली के झटके के शिकार हो जाएंगे। उन्होंने एक चप्पू उठाया और भली भांति जानते हुए भी कि वे अपनी जान पर खेल रहे हैं, उस चप्पू से तार को ऊंचा उठा लिया, जिससे कि नाव उसके नीचे से गुज़र जाए। नाव तो किसी तरह बिना तार से लगे गुज़र गई लेकिन तेज़ गति के कारण चप्पू फिसल गया और तार सीधी उन से जा टकरायी। बिजली के झटके से वे नाव से बाहर जा गिरे और वहां उनकी मृत्यु हो गई।

सैपर भोला प्रसाद सिंह ने अदम्य साहस, पहल शक्ति और उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

6. 13904743 सिपाही/कुक हरीहर सरन,
आर्मी मेडिकल कोर। (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—29 सितम्बर, 1974)

29 सितम्बर, 1974 को सिपाही/कुक (एच) हरीहर सरन जब एक जनरल अस्पताल में काम कर रहे थे तो उन्होंने अचानक आग के खतरे की घंटी सुनी। वे तुरन्त रसोई घर से बाहर निकले और देखा कि गैस प्लांट में आग लगी हुई है। उन्होंने भांप लिया कि आग गैस प्लांट से सारे अस्पताल में फैल सकती है। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए वे जलते हुए गैस-प्लांट वाले कमरे में घुस गए और सप्लाई पाईप का मुख्य वाल्व बन्द कर दिया। ऐसा करते हुए जल जाने से उनके शरीर पर कई घाव हो गए जिनसे बाद में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी निर्भीक और तात्कालिक कार्रवाई से अस्पताल तथा अनेक मरीज़ बच गए।

सिपाही/कुक हरीहर सरन ने अदम्य साहस, पहल शक्ति तथा उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

7. सैकेन्ड लैफ्टिनेन्ट अकोइजम दीनामणि सिंह (एस० एस०-26831) (मरणोपरांत)
सिख लाइट इन्फैन्ट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 अक्तूबर, 1974)

7-8 अक्तूबर, 1974 को इन्फैन्ट्री बटालियन के सैकेन्ड लैफ्टिनेन्ट अकोइजम दीनामणि सिंह वार्षिक छुट्टी पर असम मेल से अपने घर इम्फाल जा रहे थे। उनके डिब्बे में दो और यात्री भी सफर कर रहे थे। 8 अक्तूबर, 1974 को लगभग 0520 बजे प्रातः बिहार के खरुपुर और फतूजा के बीच उन्होंने अपनी बोगी के बगलवाले डिब्बे से सहायता के लिए किसी की चीख सुनी। वे तेज़ी से गलियारे में निकले और सामने देखा कि एक आदमी खून से सना चाकू हाथ में लिए उस डिब्बे से बाहर भाग रहा था, जहां से चीख आई थी। उन्होंने तुरन्त भांप लिया कि जरूर कुछ गड़बड़ है। बाद में पता चला कि उस डिब्बे में एक यात्री का खून कर दिया गया था। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किये बिना वे हत्यारे पर झपटे जिसने उन पर छुरा तान लिया। इस गुत्थमगुत्थी में वे बोगी के दरवाजे तक पहुंच गए जो खुला था और दोनों ही चलती गाड़ी से बाहर गिर पड़े। सैकेन्ड लैफ्टिनेन्ट अकोइजम दीनामणि सिंह का घटनास्थल पर ही देहांत हो गया। अभियुक्त जख्मी होकर बेहोश हो गया।

इस कार्रवाई में, सैकेन्ड लैफ्टिनेन्ट अकोइजम दीनामणि सिंह ने अदम्य साहस, पहल शक्ति और उच्च कोटि की दृढ़निष्ठा का परिचय दिया।

8. कैप्टन नरेन्द्र सिंह अहलावत (आई० सी०-25103),
सेना मैडल, ग्रिनेडियर्स। (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 नवम्बर, 1974)

28 नवम्बर, 1974 को इन्फैन्ट्री रेजिमेंट के कैप्टन नरेन्द्र सिंह अहलावत को विरोधियों के विरुद्ध एक कार्रवाई के दौरान दो स्थानों को सम्भालने का काम सौंपा गया था जबकि मुख्य टुकड़ी खोज का काम कर रही थी। कैप्टन अहलावत ने अपना काम पूरा किया और दो स्थानों में से एक की जिम्मेदारी अपने हाथ में ली जब कि दूसरे स्थान को एक और गैर-कमीशन अफसर देख रहे थे। उस गैर-कमीशन अफसर ने अपने स्थान से 800 गज़ की दूरी पर कुछ विरोधियों को देखा और अपने लाइट मशीन गन ग्रुप को गोली चलाने का आदेश दिया। इससे विरोधी हक्के-बक्के रह गये और वे इधर उधर भागने लगे। उनमें से कुछ कैप्टन अहलावत के स्थान की ओर भागे। कैप्टन अहलावत ने विरोधियों को रोकने के लिए तुरन्त कार्रवाई की। इस पर कुछ विरोधी नाले की ओर भागे। कैप्टन अहलावत का दो विरोधियों से आमना-सामना हो गया और उन्होंने उन दोनों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। इस बीच नाले से एक दूसरे विरोधी ने कैप्टन अहलावत के एक साथी पर गोली चलाई। इस पर कैप्टन अहलावत तुरन्त उस विरोधी से उलझ पड़े लेकिन इसी बीच उनके सीने में एक गोली

आ लगी । यद्यपि वे गम्भीर रूप से घायल हो गए थे फिर भी वे उस विरोधी का सामना करते रहे और अपने दल को भागने वाले विरोधियों का पीछा करने के लिए अनुदेश देते रहे । उन्होंने साथ ही तलाश करने वाली टुकड़ी के कमांडर को भी स्थिति से अवगत करा दिया और फिर चिर निद्रा में सो गए ।

इस कार्रवाई में कैप्टन नरेन्द्र सिंह अहलावत ने वीरता, कर्त्तव्य-निष्ठा और उच्च कोटि के नेतृत्व का परिचय दिया ।

9. 102447 लांस नायक गणेश बहादुर राय
असम राइफल्स । (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 जनवरी, 1975)

लांस नायक गणेश बहादुर राय असम राइफल की उस एक टुकड़ी के अगुआ थे, जिसे 4 जनवरी, 1975 को विरोधियों के एक गिरोह को, मोकोकचुंग जिले में एक स्थान पर रोकने के लिए आदेश दिया गया था । जैसे ही यह दल आगे बढ़ रहा था कि लांस नायक गणेश बहादुर राय का सामना एक गिरोह के साथ हो गया, जो मुश्किल से 50 गज की दूरी पर था । विरोधियों ने दल पर गोली चला दी । अपने जीवन की तनिक भी चिंता किए बिना लांस नायक गणेश बहादुर राय ने भी जवाब में जबरदस्त गोलीबारी की । इस मुठभेड़ में, उनकी दाहिनी भुजा के अगले भाग में गम्भीर चोट आई । इस चोट के बावजूद उन्होंने विरोधियों को उलझाये रखा और एक स्वकथित कैप्टेन को गोली से मार डालने में सफल हुए । इस कार्रवाई से विरोधी हक्के-बक्के रह गये । और इससे लांस नायक राय के साथियों को आड़ लेने और मोर्चाबन्दी करने का समय मिल गया । बाद में चोटों के कारण लांस नायक राय वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस कार्रवाई में, लांस नायक गणेश बहादुर राय ने अनुकरणीय साहस, पहल शक्ति और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया ।

10. जी/11218 ओ० ई० एम० आनन्द मणि
(जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 फरवरी, 1975)

4 फरवरी, 1975 को एक्सकेवेटिंग मशीनरी आपरेटर श्री आनन्द मणि को ऐजलतुईपुईबाड़ी सड़क पर पड़े बड़े-बड़े शिलाखण्डों को हटाने का काम सौंपा गया । जब ये मशीन चला रहे थे तो अचानक उन्होंने ऊपर से एक भारी शिलाखण्ड को सीधे अपने डोजर की ओर आते देखा । अपनी जान बचाने के बजाय, ये डोजर की सुरक्षा के लिए वहीं पर ही डटे रहे । उन्होंने शीघ्र ही मशीन को एक सुरक्षित स्थान की ओर मोड़ा, इसी बीच ऊपर से एक शिलाखण्ड इन पर आ गिरा और वे गम्भीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए । इनकी एक टांग और एक हाथ बेकार हो गए ।

इस प्रकार ओ० ई० एम० आनन्द मणि ने अदम्य साहस, सूझ-बूझ और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

11. जी/12306 सुपरिन्टेंडेंट बी/आर ग्रेड 1 मोहन सिंह
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—20 फरवरी, 1975)

20 फरवरी, 1975 को भारी भूस्खलन के कारण जम्मू और कश्मीर में राष्ट्रीय मार्ग टूट गया और काफी बड़ी संख्या में यात्री और सामान वाली गाड़ियां वहां फंस गईं । वहां न भोजन की व्यवस्था थी और न रहने के लिए स्थान ही । शिलाखण्डों के लगातार गिरते रहने से सड़क की मरम्मत करना कठिन था । सुपरिन्टेंडेंट मोहन सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए सड़क साफ करने का बीड़ा उठाया और स्वयं डोजर आपरेटर का निदेशन सम्भाला । उन्होंने अपने साथियों को बड़ी तीव्र गति से काम करने के लिए प्रेरित किया । जब सड़क साफ करने का काम चल रहा था तो ऊपर से पत्थरों के गिरने से वे गम्भीर रूप से घायल हो गए । इस पर भी ये डोजर आपरेटर का मार्ग-दर्शन करते रहे और काम पूरा होने पर ही वहां से हटे ।

इस कार्रवाई में, सुपरिन्टेंडेंट मोहन सिंह ने साहस, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

12. स्क्वाड्रन लीडर मंजीत सिंह, सेखों, वीर चक्र, बी० एम० (6756),
उड़ान (पायलट) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—25 फरवरी, 1975)

25 फरवरी, 1975 को स्क्वाड्रन लीडर मंजीत सिंह सेखों, एक हेलिकोप्टर में रात्रि उड़ान प्रशिक्षण कर रहे थे । उन्हें पश्चिमी क्षेत्र में एक हवाई अड्डे के पश्चिमी भाग में दुर्घटना ग्रस्त एक वायुयान की तलाश का काम सौंपा गया । रात्रि उड़ान का सीमित अनुभव होने के बावजूद, उन्होंने इस मिशन को पूरा करने का बीड़ा उठाया । उन्होंने खोजबीन शुरू की और उस दुर्घटना-ग्रस्त वायुयान का पता लगाकर घटनास्थल के बारे में सूचना दी । पुनः उन्होंने वायुयान में पैट्रोल भर कर उड़ान भरी और पायलट को भी खोज निकाला । अवतरण प्रकाश और रेडियो टेलीफोन का बुद्धिमत्ता से उपयोग करते हुए वे बड़ी कुशलता से धान के एक खेत में उतरे और प्रथम पायलट को बचा कर उसे वापस अड्डे पर ले आए । उन्होंने एक बार और ऐसा ही किया और दूसरे पायलट को भी बचा लाए ।

इस कार्रवाई में स्क्वाड्रन लीडर मंजीत सिंह सेखों ने अनुकरणीय साहस, कर्त्तव्य-निष्ठा और उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया ।

13. जी० ओ०-767 सहायक इंजीनियर (सिविल) श्री केहर सिंह चीमा,
(जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 फरवरी, 1975)

19 जनवरी, 1975 को भयंकर भूचाल के आने से हिन्दुस्तान तिब्बत रोड के पूह-कौरिक क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ । मौलकर से समुदोह के बीच के मार्ग को ठीक करने का काम सड़क अनुरक्षण प्लाटून के सहायक इंजीनियर (सिविल), श्री केहर सिंह चीमा को सौंपा गया था । बर्फीली हवाओं और शून्य से नीचे के तापमान की परवाह किए बिना और ऊपर पहाड़ी ढलानों से शिलाखंडों के लगातार गिरते रहने के बावजूद सहायक इंजीनियर केहर सिंह चीमा ने अपना काम बहुत खतरनाक और कठिन परिस्थितियों में पूरा किया । इन्होंने डोजर आपरेटरों और अपने अधीनस्थ अन्य व्यक्तियों को बड़ी लगन से अधिक देर तक काम करते रहने

के लिए प्रेरित किया । दिन-रात खड़े-खड़े कार्य संचालन करते हुए इन्होंने अपने व्यक्तियों के लिए एक उदाहरण पेश किया । यह इन्हीं के प्रयासों का फल था कि सड़क को थोड़े से समय में ही साफ कर दिया गया ।

सहायक इंजीनियर (सिविल) श्री केहर सिंह चीमा ने साहस, कर्त्तव्यनिष्ठा और उच्च कोटि के नेतृत्व का परिचय दिया ।

14. जी/61238 सब ओवरसीयर बद्री दत्त तिवारी,
(जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 फरवरी, 1975)

सड़क अनुरक्षण प्लाटून के सब-ओवरसीयर, बद्री दत्त तिवारी को हिन्दुस्तान-तिब्बत मार्ग के एक भाग के निर्माण और रख-रखाव का काम सौंपा गया था । जनवरी और फरवरी 1975 के दौरान भूचाल के लगातार झटकों के कारण यह सड़क बहुत ही अस्थिर और खतरनाक हो गयी । सब-ओवरसीयर बी० डी० तिवारी को मार्ग साफ करना था और अप्रत्याशित भूस्खलन और शिला-खण्डों के गिरने का खतरा लगातार बना हुआ था । उनसे प्रेरणा पाकर उनके साथी भारी हिमपात और लगातार खतरे के बावजूद अधिक लम्बे समय तक काम करते रहे । सभी कठिनाइयों के बावजूद सब-ओवरसीयर बद्री दत्त तिवारी सड़क को यातायात के लिए खुला रखने में सफल हुए । जिससे भूचाल-ग्रस्त क्षेत्र में जन सामान्य और सैनिक स्थापनाओं के लिए आवश्यक वस्तुएं तथा डाक्टरी सहायता पहुंचाना सम्भव हो सका ।

सब-ओवरसीयर बद्री दत्त तिवारी ने अनुकरणीय साहस, नेतृत्व और उच्च-कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

15. जी/39425 ओ० ई० एम० महीन्दर सिंह,
(जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 फरवरी, 1975)

एक्सकेवेटिंग मशीनरी आपरेटर महीन्दर सिंह को हिन्दुस्तान-तिब्बत रोड पर भूचाल से हुए भारी भूस्खलन को साफ करने के लिए डोज़र आपरेटर नियुक्त किया गया था । उन्होंने जान हथेली पर रखकर भारी हिमपात और शून्य से नीचे के तापमान में निर्भीकता से डोज़र चलाया । कई बार वे भारी शिलाखण्डों और भूस्खलन के बीच फंस गए, लेकिन उन्होंने बड़ी कुशलता से उन सब को साफ कर दिया । यह उन्हीं की कर्त्तव्यनिष्ठा का ही परिणाम था कि सड़क बहुत जल्दी यातायात के लिए खोल दी गई । इससे भूचाल ग्रस्त क्षेत्र में घिरे लोगों को आवश्यक सामान और डाक्टरी सहायता पहुंचानी सम्भव हो पायी ।

इस प्रकार ओ० ई० एम० महीन्दर सिंह ने अदभ्य व्यावसायिक कुशलता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

16. जी/4081 डी० एम० ई० इकबाल सिंह
जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—1 मार्च, 1975)

1 मार्च, 1975 को ड्राइवर मैकेनिकल इक्विपमेंट, इकबाल सिंह को जम्मू और कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण सड़क में पड़े मलबे को साफ करने का काम सौंपा गया । सड़क के दोनों तरफ काफी सैनिक और असैनिक कार्मिक फंसे पड़े थे । वहां पर न भोजन की कोई व्यवस्था थी और न ठहरने के लिए जगह ही । सामान ले जाने वाली काफी गाड़ियां भी रुकी पड़ी थीं, अतः सड़क को तुरन्त साफ करना अत्यन्त आवश्यक हो गया था परन्तु डी० एम० ई० इकबाल सिंह ने लगातार शिलाखण्डों के गिरने से होने वाले खतरे की चिन्ता किए बिना कड़ाके की ठण्ड और खतरनाक स्थिति में दिन-रात अपने डोज़र को चलाया । उन्होंने काम को पूरा किया और सड़क को जल्दी से यातायात के लिए खोलने में सहायक हुए ।

डी० एम० ई० इकबाल सिंह ने अदभ्य साहस, व्यावसायिक निपुणता और उच्च-कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

17. 2547999 कम्पनी क्वार्टरमास्टर हवलदार रामकृष्ण पिल्लै, (मरणोपरांत)
मद्रास ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—19 मार्च, 1975)

19 मार्च, 1975 की सुबह कम्पनी क्वार्टरमास्टर हवलदार रामकृष्ण पिल्लै ने एक विरोधी बंदी को अचानक हिरासत से निकल कर जंगल की ओर भागते हुए देखा । अपने पास कोई हथियार न होते हुए भी वे विरोधी को पकड़ने के लिए तुरन्त उसके पीछे दौड़ पड़े । दस गज़ की दूरी पर विरोधी करीब 200 फुट गहरे खड्ड में जा कूदा । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा भी चिन्ता किए बिना, कम्पनी क्वाटरमास्टर हवलदार पिल्लै भी उसमें कूद पड़े और हथियार बन्द विरोधी को पकड़ लिया । वे उस से जूझ पड़े और दोनों ही नीचे की ओर लुढ़कने लगे । इससे कम्पनी क्वाटरमास्टर हवलदार रामकृष्ण पिल्लै के सिर में गम्भीर चोटें आईं जिनसे उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार कम्पनी क्वाटरमास्टर हवलदार रामकृष्ण पिल्लै ने अदभ्य साहस, पहल कदमी और उच्च कोटि की दृढ़ता का परिचय दिया ।

18. 2866865 राइफलमैन वेद प्रकाश
राजपूताना राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 अप्रैल, 1975)

4 अप्रैल, 1975, को सूचना मिली की एक स्वकथित कप्तान तथा उसके दो सहायक एक गुप्त स्थान पर छुपे हुए हैं । राजपूताना राइफल्स की एक टुकड़ी ने, वहां जाकर गुप्त-स्थान के नज़दीक अपना आधारस्थल बनाया और गुप्त-स्थान का ठीक-ठीक पता लगाने के लिए सैनिक टुकड़ी के कमांडर, तीन अन्य रैंकों के साथ आगे बढ़े । इनमें एक राइफलमैन वेद प्रकाश भी थे । घोर अंधेरी रात थी और वह स्थान गहरी चट्टानी दर्रों के बीच था । सहसा, विरोधियों ने स्वचालित बन्दूकों से गोलियां चलानी शुरू कर दीं । इनके और विरोधियों के बीच इतनी कम दूरी थी कि दल के कमांडर को आदेश देने तक का समय नहीं था । विरोधियों का जवाब देने के लिए, दो सैनिकों ने मोर्चे सम्भाले और राइफलमैन वेद प्रकाश ने अकेले ही छुपे हुए स्थान पर हमला बोल दिया । यद्यपि इनके चारों ओर गोलियां चल रही थी, फिर भी वे दृढ़ता और साहस से आगे बढ़ते रहे और एक विरोधी को मार गिराया,

जिसकी शिनाख्त करने पर मालूम हुआ कि वह विरोधी-संगठन का स्वकथित कप्तान था ।

इस कारवाई में राइफलमैन वेद प्रकाश ने अदम्य साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

19. 13607130 छाताधारी सैनिक सूबे सिंह यादव
पैराशूट रेजिमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 अप्रैल, 1975)

छाताधारी सैनिक सूबे सिंह यादव, पैराशूट बटालियन की एक ऐसी टुकड़ी के सदस्य थे जिसे बहुत ही महत्वपूर्ण काम सौंपा गया था । इन्हें यह काम बहुत ही जोखिमपूर्ण स्थिति में करना पड़ा । चोट लगने और अत्यधिक रक्त स्त्राव के बावजूद भी, ये अपने काम पर लगे रहे और उसे पूरा कर दिया । इस प्रकार, इन्होंने अदम्य साहस, दृढ़ता और उच्च-कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

20. जी०/26256 डी० एस० ई० हयात सिंह
(जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 अप्रैल, 1975)

इंजिन स्टेटिक ड्राइवर हयात सिंह को कोहिमा-मैलूरी सड़क पर नई तह बिछाने का काम सौंपा गया था । 28 अप्रैल, 1975 को जब ये ढलान पर रोड़ रोलर चला रहे थे तो अचानक ही उसके ब्रेक और क्लच फेल हो गये । रोड-रोलर काबू से बाहर हो गया और वह ढलान पर तेज गति से बढ़ने लगा । डी० एस० ई० हयात सिंह ने अपने मानसिक संतुलन को नहीं खोया । इन्होंने उसके स्टीयरिंग को पहाड़ी की ओर मोड़ कर उसे रोका और इस प्रकार उसे खड्ड में गिरने से बचाया । ज्योंही मशीन पहाड़ी से टकराई, ये पहाड़ी और मशीन के बीच में जा गिरे और रोड-रोलर के पिछले पहिए से इनकी दोनों टांगें पिस गईं । बाद में इनकी दोनों टांगों को काटना पड़ा ।

इस प्रकार डी० एस० ई० हयात सिंह ने अदम्य साहस, बड़ी सूझ-बूझ और उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

21. श्री जेठू बैगा, (मरणोपरांत)
ग्राम पालक, पुलिस चौकी बोडला,
जिला राजनन्दगांव, मध्य प्रदेश ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—28 अप्रैल, 1975)

27-28 अप्रैल, 1975 की रात को डाकुओं के एक गिरोह ने विलासपुर जिले के लागरा गांव में सशस्त्र डकैती डाली और काफी लोगों को गम्भीर रूप में घायल करके एक लाख से भी अधिक रुपये की सम्पत्ति ले गए और बाद में अपनी जीप में बैठकर राजनंद गांव जिले के चिल्पी घाट जा पहुंचे । वे महाराष्ट्र की सीमा में पहुंच गए होते, परन्तु उनकी जीप पंक्चर हो गई अत: उसे वहीं छोड़कर उन्हें पास ही घने जंगल में छुपना पड़ा ।

इस गिरोह के कुछ डाकू भोजन की तलाश में पालक गांव में गए । गांव की बाहरी सीमा पर गांव की कुछ औरतों ने उन्हें देखा और उन्होंने गांव के मुखिया व अन्य ग्रामीणों को बताया कि हथियारों से लैस कुछ लोगों को उन्होंने संदेहात्मक स्थिति में घूमते हुए देखा है । मुखिया 65 वर्षीय श्री जेठू बैगा ने लोगों को संगठित किया और वे डाकुओं को खोज निकालने और उन्हें पकड़ने के लिए जंगल में गए । इस दौरान डाकुओं का गिरोह एक पहाड़ी पर चढ़ गया था । डाकुओं ने इन पर गोलियां चलाईं परन्तु अपने उद्देश्य में अटल श्री जेठू बैगा ने पहाड़ी पर चढ़ना जारी रखा । फलत : डाकुओं की लगातार गोलीबारी से श्री जेठू बैगा की मृत्यु हो गई । और उनके कुछ अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये ।

इस प्रकार श्री जेठू बैगा ने महान साहस, दृढ़ता और उच्चकोटि के नेतृत्व का परिचय दिया ।

22. श्री कल्लियाणपुर पद्मनाभ नायक
श्री कड़िलप्पा मताडा बनाकेश

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 जून, 1975)

17 जून, 1975 को लगभग 1 बजे, एक आदमी सिंडिकेट बैंक बिल्लारी में घुसा, वह खजांची के पास गया और रिवाल्वर दिखा कर खजांची की दराज से सभी नोटों को हथियाने के बाद भागने का प्रयास किया । जब बैंक के मैनेजर ने शोर मचाया तो पालिटेकनीक कालेज, बिलारी के प्रवक्ता श्री कडिलप्पा मताडा बेनाकेश ने, जो वहां उपस्थित थे, अभियुक्त को पकड़ने और उसे भाग निकलने से रोकने का प्रयत्न किया । अभियुक्त ने एक गोली श्री बेनाकेश पर चलाई जो इनकी बाईं जांघ पर लगी । बैंक के मैनेजर, बैंक के क्लर्क श्री कल्लियाणपुर पद्मनाभ नायक और अन्य कुछ लोगों ने अभियुक्त का पीछा किया परन्तु उसने फिर इन पर गोलियां चलाईं । श्री नायक की बांई जांघ में गोली लगी । इसके बावजूद उसका पीछा किया गया और उसे पकड़ कर उससे सारे रुपये वसूल कर लिए गए ।

इस प्रकार सर्वश्री कल्लियाणपुर पद्मनाभ नायक और कड़िलप्पा मताड़ा बेनाकेश ने अदम्य साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि के पहल-शक्ति का परिचय दिया ।

23. श्री यांगसी,
ग्राम स्वयंसेवक दल,
मणिपुर ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—30 जून, 1975)

श्री यांगसी, सन् 1966 में ग्राम स्वयंसेवक दल के सदस्य बने और ये इस दल में सबसे पुराने स्वयंसेवकों में से हैं । सन् 1974 के आखिर में जब ये भारत-बर्मा सीमा पर चस्साद चौकी में ग्राम स्वयंसेवक दल का नेतृत्व कर रहे थे तो इन्होंने विरोधियों के आत्म-समर्पण कराने में बड़ी सहायता की । इन्होंने जून, 1975 में एक विरोधी गिरोह के साथ बातचीत की और बड़ी कुशलता से उनसे आत्मसमर्पण करवाया । विरोधियों के साथ सम्पर्क करने के समय से लेकर छ: महीने बाद उनके द्वारा वास्तविक रूप में आत्मसमर्पण करने तक श्री यांगसी ने जंगल में हुई विभिन्न बैठकों में क्षेत्रीय व्यवस्थापक का साथ दिया । जिस समय बात-चीत जारी थी, उस समय श्री यांगसी ने गिरोह के सदस्यों से अलग-अलग व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित किया और उन्हें आत्मसमर्पण के लिए राजी किया ।

श्री यांगसी ने आद्योपान्त अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका अदा की और देश भक्ति की अनुकरणीय भावना, दृढ़ता और उच्च कोटि के साहस का परिचय दिया ।

24. जी/99731 पाइनियर वेल्याकलायल केसवन राजप्पन जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 जुलाई, 1975)

3 जुलाई, 1975 को भारी वर्षा के कारण सिक्किम राष्ट्रीय राजमार्ग भारी भूस्खलन के कारण टूट गया । मार्ग को साफ करने के लिए एक डोजर लगाया गया । अभी मलबे को साफ करने का काम चल ही रहा था कि ऊपर से और मलबा गिरना शुरू हुआ और इस तरह डोजर और उसका चालक बीच में ही फंस गए और मलबे में लगभग दब गये । पायनियर वेल्याकलायल केसवन राजप्पन ने तुरन्त ही पास में खड़े एक अन्य डोजर को सम्भाला और यद्यपि ये एक रेगुलर डोजर चालक नहीं थे फिर भी इन्होंने डोजर को चालू किया और उस स्थान की ओर चल पड़े जहां इनका साथी अपने डोजर सहित मलबे में फंसा पड़ा था । इन्होंने बड़ी कुशलता से डोजर चलाया और जान की बाजी लगा कर उस स्थान तक पहुंचे । इन्होंने उस चालक की जान बचाई और डोजर को भी वहां से निकाला ।

इस कार्यवाही में, पायनियर वेल्याकलायल केसवन राजप्पन ने अनुकरणीय साहस, पहलकदमी और उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

दिनांक 17 मई 1976

सं० 39-प्रेस०/76—राष्ट्रपति भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री कुल प्रसाद,
हैड कान्स्टेबल सं० 3764,
भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पुलिस पदक प्रदान किया गया :

2 सितम्बर, 1975 को श्री कुल प्रसाद हैड कान्स्टेबल ने, जबकि वह पैट्रोल ड्यूटी पर थे अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में दृढ़ संकल्प और बड़ी सूझ-बूझ से काम लिया । उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उत्कृष्ट नेतृत्व और साहस का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 सितम्बर 1975 से दिया जाएगा ।

कु० बालचन्द्रन्,
राष्ट्रपति के सचिव

मंत्रिमंडल सचिवालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नई दिल्ली-110001, दिनांक 29 मई 1976

नियम

सं० 12/6/76-के० से०-II—सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान (परीक्षा स्कंध) द्वारा 1976 में निम्नलिखित सेवाओं में अस्थायी रिक्तियों के भरने के प्रयोजन के लिए ली जाने वाले प्रतियोगिता परीक्षा के नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं :—

(i) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-III

(ii) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-III

(iii) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-III

(iv) केन्द्रीय सतर्कता आयोग में आशुलिपिकों के पद ।

कोई भी उम्मीदवार उपर्युक्त सेवाओं में से किसी एक या एक से अधिक से संबंधित परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है । इन सेवाओं में से जितनी के लिए भी वह उम्मीदवारी के लिए विचार कराया जाना चाहे अपने आवेदन पत्र में उनका उल्लेख कर सकता है ।

नोट:—उम्मीदवार को चाहिए, कि वे जिन सेवाओं के लिए प्रतियोगिता करना चाहते हैं उनकी वरीयता के क्रम को स्पष्ट रूप से लिख दें । उम्मीदवार द्वारा प्रारंभ में अपने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट सेवाओं के वरीयता क्रम में परिवर्तन करने के किसी भी ऐसे अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा, जो सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान (परीक्षा स्कंध) के कार्यालय में 31-3-1977 अथवा उससे पहले प्राप्त न हो ।

2. सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान (परीक्षा स्कंध) द्वारा इस परीक्षा का संचालन इन नियमों के परिशिष्ट I में निहित विधि से किया जाएगा ।

परीक्षा की तारीखें और स्थान संस्थान द्वारा निर्धारित किए जाएंगे ।

3. परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या संस्थान द्वारा जारी की गई सूचना में निर्दिष्ट की जाएगी । भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा की गई संख्या तक आरक्षण की व्यवस्था होगी ।

भूतपूर्व सैनिक का अर्थ उस व्यक्ति से है जो संघ की सशस्त्र सेनाओं में किसी भी पद पर (चाहे लड़ाकू सैनिक के रूप में रहा हो अथवा नहीं) छः मास की अवधि तक निरन्तर रहा हो और दुराचार अथवा अदक्षता के कारण पदच्युत या सेवामुक्त करके निर्मुक्त न किया गया हो ।

व्याख्या—इन नियमों के प्रयोजन के लिए संघ को सशस्त्र सेनाओं में भूतपूर्व भारतीय रियासतों की सशस्त्र सेनाएं शामिल हैं, लेकिन उसमें निम्नलिखित सेनाओं के सदस्य शामिल नहीं हैं :—

(क) आसाम राइफल्स,

(ख) लोक सहायक सेना, और

(ग) जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स ।

(घ) जम्मू तथा कश्मीर मिलीसिया,

(ङ) रक्षा सुरक्षा दल,

(च) प्रादेशिक सेना ।

अनुसूचित जातियों/जन जातियों से अभिप्राय निम्नलिखित आदेशों में उल्लिखित जातियों/जन जातियों में से किसी एक से है:—

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जन जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित जन जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951 (अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति सूचियां (संशोधन) आदेश, 1956 बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 द्वारा यथा संशोधित संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956 संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1959 संविधान (दादर और नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962 संविधान (दादर और नागर हवेली) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964 संविधान (अनुसूचित जन जाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोआ, दमन और दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968, संविधान (गोआ, दमन और दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968 तथा संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1970।

4. (1) यह आवश्यक है कि उम्मीदवार या तो

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत में आ गया हो, या

(च) ऐसा मूल भारतीय व्यक्ति हो, जो भारत में स्थायी रूप से बसने की इच्छा से पाकिस्तान बंगला देश बर्मा, श्रीलंका तथा अफ्रीकी देशों केन्या, उगाण्डा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका व जंजीबार) से प्रव्रजित हुआ हो।

परन्तु ऊपर की श्रेणी (ग), (घ), (ङ) और (च) से सम्बंधित उम्मीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा उनके नाम दिया गया पात्रता प्रमाण पत्र होना चाहिए ।

किन्तु निम्नलिखित वर्गों में से किसी एक वर्ग के उम्मीदवार के मामले में पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं होगा:—

(I) 19 जुलाई, 1948 से पूर्व पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित और साधारणतः तब से भारत में रह रहे व्यक्ति ।

(II) 19 जुलाई, 1948 को या उसके बाद पाकिस्तान से भारत में प्रव्रजित वे व्यक्ति जिन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 6 के अंतर्गत अपने आप को भारतीय नागरिक के रूप में पंजीयित करा लिया हो ।

(III) तथापि ऊपर की श्रेणी (च) के उन गैर-नागरिक उम्मीदवारों जो संविधान लागू होने की तारीख अर्थात् 26 जनवरी, 1950 से पहले भारत सरकार की सेवा में आ गए और तभी से लगातार उस सेवा में हैं, के मामलों में पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं होगा परन्तु जो व्यक्ति सेवा भंग करके 26 जनवरी, 1950 के बाद उसी सेवा में फिर आया हो अथवा फिर आए उसे सामान्य रीति से पात्रता प्रमाणपत्र लेना आवश्यक होगा ।

किसी ऐसे उम्मीदवार को जिसके मामलें में पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक है यदि सरकार आवश्यक प्रमाण पत्र दे दे तो उसे परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है तथा अनन्तिम रूप से उसकी नियुक्ति भी की जा सकती है ।

5. जो उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित न हो, या संघ राज्य क्षेत्र गोवा, दमन तथा दीव का निवासी न हो, या केन्या/उगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन करके न आया हो वह प्रतियोगिता में दो से अधिक बार नहीं बैठ सकता । यह प्रतिबन्ध सन् 1972 में ली गई परीक्षा से लागू होगा ।

नोट :— 1 परीक्षा के परिणामों के प्रकाशन के बाद अथवा पहले किसी भी समय यदि यह पाया गया कि उम्मीदवार परीक्षा में पहले दो बार बैठ चुका था और इस लिए वह इस परीक्षा में बैठने का पात्र नहीं है तो उसका परिणाम यथा स्थिति रोका अथवा रद्द कर दिया जाएगा और नियम 15 के अनुसार उस पर आगे कार्यवाही की जाएगी ।

नोट : 2—इस नियम के प्रयोजन के लिए कोई भी उम्मीदवार किसी एक अथवा अधिक सेवा/पदों के लिए प्रतियोगिता करे तो वह परीक्षा के सभी सेवाओं/पदों के लिए परीक्षा में एक बार बैठा हुआ माना जाएगा।

नोट 3:—यदि वह वास्तव में एक अथवा अधिक प्रश्न पत्रों में बैठा हो तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठा हुआ माना जाएगा।

(क) इस परीक्षा में बैठने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी, 1976 को 18 वर्ष की हो गई हो और 25 वर्ष की न हुई हो, अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1951 से पहले और 1 जनवरी, 1958 से के बाद न हुआ हो।

(ख) उस ऊपरी आयुसीमा में उन व्यक्तियों के मामले में 35 वर्ष आयु तक की छूट दी जाएगी जो संघ राज्य प्रशासन सहित भारत सरकार के विभिन्न कार्यालयों/विभागों तथा निर्वाचन आयोग अथवा केन्द्रीय सतर्कता आयोग और राज्य सभा/लोक सभा सचिवालय में आशुलिपिकों (भाषा आशु-लिपिकों सहित)/लिपिकों आशुटंककों/हिन्दी लिपिकों/हिन्दी टंककों के पद पर नियमित रूप से नियुक्त है और 1 जनवरी, 1976 को जिन्होंने आशुलिपिकों (भाषा आशुलिपिकों सहित)/ लिपिकों/आशुटंककों/हिन्दी लिपिकों/हिन्दी टंककों के रूप में कम से कम 3 वर्ष की निरन्तर सेवा कर ली है और उसी रूप में सेवा कर रहे हैं।

परन्तु यह भी शर्त है कि उपर्युक्त आयुसीमा में छूट उन व्यक्तियों को नहीं दी जाएगी जो संघ लोक सेवा आयोग अथवा सचि-वालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान (परीक्षा स्कंध) द्वारा आयोजित किसी पूर्व परीक्षा के आधार पर आशुलिपिक नियुक्त हैं।

नोट :—डाक व तार विभाग के सम्बद्ध कार्यालयों में नियुक्त रेल डाक छंटाइकारों की सेवा इस नियम के प्रयोजन के लिए लिपिक ग्रेड में की गई सेवा मानी जाएगी।

(ग) उन भूतपूर्व सैनिकों के मामले में जिन्होंने संघ की सशस्त्र सेना में कम से कम छः महीने की निरन्तर सेवा की हो, उनकी सशस्त्र सेना में कुल सेवा में तीन वर्ष की वृद्धि तक ऊपरी आयुसीमा में छूट दी जाएगी।

परन्तु इस आयु छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवार केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए ही प्रतियोगी होने के हकदार होंगे।

नोट :—उपरोक्त नियम 6 (ग) के प्रयोजन के लिए किसी भूत-पूर्व कर्मचारी की सशस्त्र सेना में आह्वान पर सेवा की अवधि भी सशस्त्र सेना में की गई सेवा के रूप में समझी जाएगी।

(घ) उक्त ऊपरी आयु सीमा में निम्नलिखित और अधिक छूट दी जायेगी :—

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से सम्बन्धित हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक,

(2) यदि उम्मीदवार बंगलादेश (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 या उसके बाद परन्तु 25 मार्च 1971 से पहले प्रव्रजन करके भारत में आया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक,

(3) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से सम्बन्धित हो तथा बंगलादेश (भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान) से आया हुआ वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 या उसके बाद परन्तु 25 मार्च, 1971, से पहले प्रव्रजन कर भारत आया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक,

(4) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 3 वर्ष तक,

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से संबंधित हो तथा श्रीलंका से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन पहली नवम्बर, 1964 को या उसके पश्चात् श्रीलंका से भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 8 वर्ष तक,

(6) यदि उम्मीदवार भारतीय मूल का हो और केन्या, उंगांडा और संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार, जाम्बिया, मलावी, जेरा तथा इथोपिया से प्रव्रजित हो तो अधिकतम 3 वर्ष तक,

(7) यदि उम्मीदवार बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके पश्चात् भारत से प्रव्रजित हुआ हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक,

(8) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति से सम्बन्धित हो तथा बर्मा से आया हुआ वास्तविक देश प्रत्यावर्तित भारतीय मूल का व्यक्ति हो और पहली जून, 1963 को या उसके पश्चात् भारत में प्रव्रजित हुआ हो तो अधिकतम 8 वर्ष तक,

(9) किसी दूसरे देश से झगड़ों के दौरान अथवा उपद्रव ग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय अशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप

नौकरी से निर्मुक्त रक्षा सेवा कार्मिकों के मामलों में अधिकतम 3 वर्ष तक,

(10) किसी दूसरे देश से झगड़े के दौरान अथवा उपद्रव ग्रस्त इलाकों में फौजी कार्यवाहियां करते समय आशक्त हुए तथा उसके परिणामस्वरूप नौकरी से निर्मुक्त ऐसे रक्षा सेवा कर्मचारियों के मामलों में जो अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित आदिम जातियों से सम्बन्धित हो, अधिकतम 8 वर्ष तक,

(11) यदि उम्मीदवार किसी ऐसे राज्य क्षेत्रों का निवासी हो जो 20 दिसम्बर, 1961 के तुरन्त पहले गोवा, दमन और दीव के भाग के थे तो अधिकतम तीन वर्ष,

(12) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाहियों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किये गये सीमा सुरक्षा दल के कार्मिकों के मामलों में अधिकतम तीन वर्ष तक, और

(13) 1971 में हुए भारत पाक संघर्ष के दौरान फौजी कार्रवाइयों में विकलांग हुए तथा उसके फलस्वरूप निर्मुक्त किये गये सीमा सुरक्षा बल के ऐसे कार्मिकों के मामलों में अधिकतम, 8 वर्ष तक जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित आदिम जातियों के हों।

ऊपर बताई गई स्थितियों के अलावा ऊपर विहित आयु सीमाओं में किसी हालत में छूट नहीं दी जा सकेगी।

टिप्पणी (1) उपर्युक्त नियम 6(ख) के अन्तर्गत परीक्षा में प्रवेश किए गए व्यक्ति की उम्मीदवारी उस हालत में रद्द कर दी जाएगी यदि वह आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् परीक्षा से पहले अथवा बाद में सेवा से त्यागपत्र दे देता है अथवा उसके विभाग द्वारा उसकी सेवा समाप्त कर दी जाती है यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् सेवा अथवा पद से उसकी छंटनी कर दी जाती है तो भी वह परीक्षा के योग्य बना रहेगा।

(2) ऐसा आशुलिपिक (भाषा आशुलिपिक/लिपिक/आशुटंकक/हिन्दी लिपिक/हिन्दी टंकक सहित) जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर है अथवा जिसे किसी अन्य पद पर स्थानांतरित कर दिया गया हो उस पर उसका धारणाधिकार (लियन) हो तो वह परीक्षा में बैठने का पात्र होगा, यदि वह अन्यथा पात्र हो।

(7) यह आवश्यक है कि उम्मीदवारों ने नीचे लिखी परीक्षाओं में से कोई एक पास की हो या उनके पास निम्नलिखित में से एक प्रमाण पत्र हो :—

(1) भारत के केन्द्रीय अथवा राज्य विधान मण्डल के किसी अधिनियम द्वारा नियमित किसी विश्वविद्यालय की मैट्रिक परीक्षा;

(2) किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक हाई स्कूल कोर्स के अन्त में शालान्त (स्कूल लीविंग) माध्यमिक स्कूल, हाई स्कूल या ऐसे किसी और प्रमाणपत्र के दिये जाने के लिए जिसे वह राज्य सरकार नौकरी में प्रवेश के लिए मैट्रिक के प्रमाण पत्र के समकक्ष मानती हो, ली गई कोई परीक्षा;

(3) कैम्ब्रिज स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा (सीनियर कैम्ब्रिज);

(4) राज्य सरकारों द्वारा ली गई यूरोपिय हाई स्कूल परीक्षा;

(5) अरविंद अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी के उच्चतर माध्यमिक शिक्षा पाठ्यक्रम की दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र;

(6) दिल्ली पोलीटैकनीक के तकनीकी हायर सैकेण्डरी स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाणपत्र;

(7) भारत में किसी मान्यता प्राप्त हायर सैकेण्डरी स्कूल/मल्टीपरपज स्कूल द्वारा हायर सैकेण्डरी पाठ्यक्रम/मल्टीपरपज पाठ्यक्रम (जो किसी छात्र को डिग्री के कोर्स के लिए पात्र बनाता है के उपान्तिम वर्ष में ली गई परीक्षा में उत्तीर्ण;

(8) किसी मान्यता प्राप्त हायर सैकेण्डरी स्कूल या इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के लिये छात्रों को तैयार कराने वाली किसी मान्यता प्राप्त स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाणपत्र;

(9) जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली की जूनियर परीक्षा केवल जामिया के वास्तविक आवासी छात्रों के लिए;

